कार्यालय, उप निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, चूरू सम्भाग, चूरू

क्रमांक–उनिशि / माध्य / चूरू / संस्था–ब / डीपीसी / 2018–19 / 2018 दिनांक– 03/7/18

जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा
चूरू / झुझुंनू / सीकर

विषय– **वर्ष 2018–19 में तृतीय श्रेणी अध्यापक से द्वितीय श्रेणी अध्यापकों के कार्यग्रहण एवं पदौन्नति परित्याग की सूचना भिजवाने बाबत।**

प्रसंग– इस कार्यालय के आदेश दिनांक 25.05.18 से 27.05.18

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि वर्ष 2018–19 की तृतीय श्रेणी अध्यापक से द्वितीय श्रेणी वरिष्ठ अध्यापकों की नियमित डीपीसी की जाकर दिनांक 25.05.18 से 27.05.18 के मध्य विभिन्न विषयों के पदस्थापन आदेश जारी किये गये थे। पदस्थापित किये गये कार्मिकों की अन्तिम कार्यग्रहण अवधि पूर्ण हो चुकी है। जिन कार्मिकों ने पदौन्नति पर कार्यग्रहण कर लिया है उनकी कार्यग्रहण रिपोर्ट आदेश के प्रारूप में ही आगे कार्यग्रहण दिनांक अंकित करते हुये इस कार्यालय को आज ही उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित करें तथा जिन अध्यापकों ने आज दिनांक तक कार्यग्रहण नहीं किया है उनकी परित्याग की सूचना प्राप्त कर मय परित्याग आवेदन पत्र इस कार्यालय को भिजवायें तथा परित्याग किये जाने की प्रविष्ठि आवश्यक रूप से संबंधित की सेवा पुस्तिका में की जानी सुनिश्चित करें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जिन संस्था प्रधानों ने आज दिनांक (बिना कार्यग्रहण अवधि विस्तार) संबंधित कार्यमुक्त नहीं किया है तथा परित्याग की प्रविष्ठ संबंधित की सेवा पुस्तिका में नहीं की है उनके विरूद्व आवश्यक कार्यवाही के प्रस्ताव तत्काल प्रेषित करें ताकि सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जा सके।

महेन्द्र कुमार
(डॉ. महेन्द्र कुमार)
उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, चूरू

प्रतिलिपि–

1. श्रीमान निदेशक माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
2. श्रीमान उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा चूरू / जयपुर।
3. कार्यालय प्रति

उप निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, चूरू